
ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 22 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 09

IPL 2025 का हुआ धमाकेदार आगाज, किंग खान, दिशा पटानी और श्रेया घोषाल ने बिखेरा जलवा



24 न्यूज अपडेट

कोलकाताः इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का धमाकेदार आगाज हो चुका है. आईपीएल के 18वें संस्करण से पहले कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में जोरदार उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ. इस दौरान आईपीएल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सितारों एक जलवा देखने के लिए मिला.

शाहरुख खान ने सेरेमनी की शुरुआत की और दर्शकों का अभिवादन किया. इसके बाद उन्होंने स्टेज पर श्रेया घोषाल पर बुलाया और उन्होंने बॉलीवुड गानों पर शानदार परफॉर्म किया, जिससे मैदान पर मौजूद सभी दर्शक झूम उठे.

आईपीएल 2025 का आगाज, श्रेया घोषाल नेबिखेरा सुरों का जलवा

श्रेया ने आमी जे तुम्हार (भूल भुलैया -मूवी) से शुरुआत की, इसके बाद मोहे तू रंग दे बसंती (रंग दे बसंती- मूवी) गाने के बाद दर्शकों को अपना दीवाना बना डाला. इसके बाद उन्होंने घर मोरे परदेसिया (कलंक - मूवी) गाया. नगाड़े संग ढोल बाजे (रामलीला -मूवी) पर भी फैंस को थिरकने पर मजबूर कर दिया. श्रेया ने वंदे मातरम के साथ अपने परफॉर्मेंस का समापन किया.

दिशा पटानी ने लटके-झटकों से बांधा समा

श्रेया घोषाल के बाद दिशा पटानी ने मैदान पर डांस कर दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया. उन्होंने बॉलीवुड गानों पर परफॉर्मेंस दिया. उन्होंने मलंग मलंग (मलंग - मूवी) पर डांस किया. इस दौरान उन्होंने वाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें वह कहर ढाह रही थी.


करण औजला ने मचाया धमाल

फेमस रैपर और सिंगर करण औजला ने दिशा पटानी के बाद आकर ओपनिंग सेरेमनी में चार चांद लगा दिया. उन्होंने पंजाबी सॉन्ग से मैदान पर मौजूद दर्शकों झूमने पर मजबूर कर दिया. इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड सॉन्ग गाया, जिससे उन्होंने प्रसिद्धि हासिल की थी. उन्होंने हुसन तेरा तोबा-तोबा (बेड न्यूज - मूवी) से फैंस का दिल जीत लिया. उनके साथ मिलकर उनके गानों पर दिशा पटानी ने डांस किया और फैंस को एंटरटेन किया.

शाहरुख ने विराट कोहली और रिंकू सिंह के साथ किया डांस

इसके बाद शाहरुख खान ने स्टेज पर लगातार 18 साल तक एक ही टीम के लिए खेलते आ रहे विराट कोहली को स्टेज पर बुलाया. इसके बाद उन्होंने आने वाली पीढ़ी के सुपर स्टार रिंकू सिंह को स्टेज पर बुलाया और दोनों के साथ एक-एक कर डांस किया. इसके बाद बीसीसीआई के अधिकारी भी स्टेज पर आए.कोहली को लगातार आईपीएल में हिस्सा लेने के लिए सम्मानित भी किया गया. ओपनिंग सेरेमनी के अंत में कोलकाता नाइटर राइडर्स के कप्तान अजिक्य रहाणे और रजत पाटीदार दोनों का जोरदार स्वागत आतिशबाजी के साथ किया गया. इस रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6:05 बजे हुए और 7:00 बजे शानदार आतिशबाजी के साथ इस ओपनिंग सेरेमनी का अंत हुआ.

पिता ने 3 साल के बेटे का गला काटा, मौतःपुणे के जंगल में मिला शव; आरोपी को पत्नी पर अवैध संबंध का शक था



24 न्यूज अपडेट

पुणे में पिता ने अपने साढ़े तीन के बेटे का गला रेत दिया। सका शव जंगल में फेंक दिया। बाद में एक लॉज में नशे की हालत में मिला। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। बच्चे का शव चंदन नगर इलाके के जंगल से बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम माधव टिकेती (38) है। उसे शक था कि उसकी पत्नी स्वरूपा का किसी से अवैध संबंध है। मूल रूप से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के रहने वाले माधव का 20 मार्च को पत्नी से झगड़ा हुआ था। वो छोटे बेटे हिम्मत को साथ लेकर घर से निकल गया था।

पुलिस के मुताबिक माधव बेटे को पहले बार में पहुंचा। इसके बाद दोपहर करीब 12.30 बजे वहां निकला। वहां से वह एक सुपरमार्केट गया और बाद में चंदन नगर के पास के जंगल में गया, वहां बेटे का गला रेत कर हत्या कर दी।

जब कई घंटे तक स्वरूपा का पति से कॉन्टैक्ट नहीं हो सका तो उसने चंदन नगर पुलिस थाने में पति और बेटे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई ।

CCTV फुटेज में अकेले कपड़े खरीदता दिखा माधव

पुलिस ने शिकायत पर तुरंत एक्शन लेते हुए दोनों की तलाश शुरू की। कई इलाकों से CCTV खंगाले। दोपहर 2.30 बजे के बाद की फुटेज के बाद शाम 5 बजे वो चंदन नगर इलाके में अकेले ही कपड़े खरीदता दिखाई दिया था।

माधव के फोन की लोकेशन ट्रैक की गई। इसके बाद पुलिस एक लॉज में पहुंची। वहां के एक कमरे में माधव नशे में धुत मिला। पूछताछ में उसने बेटे की हत्या की बात कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस चंदन नगर के जंगल में पहुंची, वहां हिम्मत का गला कटा शव मिला।

दौसा पुलिस ने तब्लीगी जमात के 10 नेपाली नागरिकों को किया डिपोर्ट



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान की दौसा पुलिस ने देश में अवैध गतिविधियां संचालित करने वाले तब्लीगी जमात से जुड़े लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 नेपाली नागरिकों को हिरासत में लेकर भारत-नेपाल बॉर्डर के लिए रवाना कर दिया है. डिपोर्ट किए गए लोगों में 5 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं, जो नेपाल से भारत आए थे और यहां रहकर धार्मिक गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कर रहे थे. पुलिस ने इन सभी के खिलाफ लीव इंडिया नोटिस जारी किया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन्हें नेपाल रवाना कर दिया गया.

अवैध गतिविधियों की सूचना पर कार्रवाई : दौसा के डीएसपी रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ विदेशी नागरिक दौसा और पापड़दा क्षेत्र में अवैध और प्रतिबंधित धार्मिक गतिविधियों में संलग्न हैं. सूचना के आधार पर पुलिस ने अलग-अलग टीमों का गठन कर कार्रवाई की और नेपाल निवासी 5 महिलाओं और 5 पुरुषों को हिरासत में लिया. डीएसपी शर्मा ने बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत किसी भी विदेशी नागरिक को भारत में रहकर धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की अनुमति नहीं है. इस गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों को भारत से डिपोर्ट किया जा सकता है. इसी के तहत नेपाल के इन नागरिकों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ लीव इंडिया नोटिस जारी किया गया.

सपा सांसद बोले-हिंदू गद्दार राणा सांगा की औलादःआजादी की लड़ाई में अंग्रेजों की गुलामी की, भाजपा बोली- ये सपा के संस्कार



24 न्यूज अपडेट

सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा- भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है तो फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था।

मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं। देश की आजादी की लड़ाई में इन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की थी। हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है। वो मोहम्मद साहब और सूफी परंपरा को आदर्श मानता है। रामजी लाल ने ये बातें शुक्रवार को राज्यसभा में कहीं।

सपा सांसद के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। X पर लिखा- सपा के नेता अपने संस्कारों के अनुरूप तुष्टिकरण की सियासत में इस कदर डूब चुके हैं। वो विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने के लिए भारतीय महापुरुषों को अपमानित करने में जरा सा भी परहेज नहीं करते हैं। सपा सांसद की टिप्पणी बेहद शर्मनाक है। उन्हें अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही अब होगी डिजिटल, NeVA को लागू करने के लिए MoU पर हुए हस्ताक्षर



नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा ने डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के साथ राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA) के कार्यान्वयन के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस अवसर पर भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता उपस्थित थे.

इस समझौते के साथ, दिल्ली NeVA परियोजना को लागू करने के लिए मंत्रालय के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाला 28वां राज्य बन गया है. इस समझौते पर डॉ. सत्य प्रकाश, अपर सचिव एवं मिशन लीडर (NeVA) रंजीत सिंह, सचिव, दिल्ली विधानसभा; और दिल्ली सरकार के कानून विभाग के प्रधान सचिव रितेश सिंह ने हस्ताक्षर किए. यह समझौता दिल्ली विधानसभा की पेपरलेस और विधायी प्रणाली को पारदर्शी करने के लिए किया जा रहा है. NeVA प्लेटफॉर्म, संसदीय कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में विकसित किया गया है, जो विधायी कार्यों को डिजिटलीकरण, वास्तविक समय में दस्तावेजों की उपलब्धता और सदस्यों व सचिवालय के बीच सुगम समन्वय स्थापित करने का लक्ष्य रखता है. इस प्रणाली को अपनाने से दिल्ली विधानसभा कागज की खपत में भारी कमी, कार्यप्रवाह को सरल बनाने और विधायक सदस्यों को डिजिटल संसाधनों से सशक्त करने में सक्षम होगी. संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव उमंग नरूला ने इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा की इस पहल की सराहना की और NeVA के सुचारू कार्यान्वयन, प्रशिक्षण और सभी संबंधित पक्षों की सफल ऑनबोर्डिंग में मंत्रालय के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि यह कदम देशभर में विधायी संस्थानों के डिजिटल रूपांतरण की गति को और सशक्त करेगा.

वाहन चालक हो जाएं सावधान! गलत साइड से गाड़ी चलाने पर दर्ज होगी FIR




24 न्यूज अपडेट

पिछले कुछ दिनों से अहमदाबाद शहर सहित राज्य भर में यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा एक अभियान शुरू किया गया है. जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों से जुर्माना वसूला जा रहा है. अब अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों को नोटिस जारी किया है. ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकती है.

पुलिस ने वाहन चालकों को सचेत कियाः अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि शहर में जो भी नागरिक गलत साइड में गाड़ी चलाएगा, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और उसे गिरफ्तार किया जाएगा. सभी नागरिकों से अनुरोध है कि गलत साइड वाहन न चलाएं. खास बात यह है कि अक्सर गलत साइड पर वाहन आने से गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं. जिसमें चालक की जान भी चली जाती है. इसी के चलते पुलिस ने ऐसे लापरवाही से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को चेतावनी देने के लिए अभियान शुरू किया है.

31 मार्च तक 'महिला सम्मान सेविंग्स-सर्टिफिकेट' में निवेश का मौकाः1 अप्रैल से स्कीम बंद, इसमें मिल रहा 7.5% ब्याज, जानें इसकी खास बातें



24 न्यूज अपडेट

महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट' (MSSC) स्कीम में निवेश करने के लिए अब 10 दिन से भी कम का समय बचा है। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही ये खास इन्वेस्टमेंट स्कीम 1 अप्रैल 2025 से बंद हो रही है। 31 मार्च 2025 के बाद इस स्कीम में पैसा नहीं लगाया जा सकेगा।

1 फरवरी 2023 को पेश बजट में सरकार ने इस योजना को शुरू करने की घोषणा की थी। वहीं योजना की शुरुआत 1 अप्रैल 2023 से 2 साल के लिए की गई थी। यानी 31 मार्च 2025 के बाद इस स्कीम के दो साल पूरे हो रहे हैं। सरकार ने अब तक इस स्कीम को आगे बढ़ाने को लेकर कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है।

इस स्कीम में मिल रहा 7.5% सालाना ब्याज

इस स्कीम में 7.5% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इसमें कम से कम 1000 रुपए से लेकर अधिकतम 2 लाख रुपए का निवेश किया जा सकता है। इसमें 2 साल के लिए निवेश करना होता है।


2 साल से पहले भी निकाल सकेंगे पैसा

खास परिस्थितियों में ये अकाउंट 2 साल से पहले, लेकिन 6 महीने बाद ही बंद किया जा सकता है। हालांकि ऐसा करने पर 7.5% की जगह 5.5% ही ब्याज मिलेगा। ये ब्याज प्रिंसिपल अमाउंट पर दिया जाएगा। इसके अलावा आप 1 साल बाद 40% रकम निकाल सकते हैं।

बच्ची के नाम पर भी कर सकते हैं निवेश

इस स्कीम के तहत महिला खुद के लिए अकाउंट खुलवा सकती हैं। इसके अलावा मामा-पिता (गार्जियन) अपनी बेटी (नाबालिग) के नाम पर भी 'महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट' में निवेश कर सकते हैं। यानी इसमें नाबालिग लड़की के नाम पर भी निवेश किया जा सकता है।

इंडिया की ग्रोथ से पूरी दुनिया को फायदा होगाःबिल गेट्स ने कहा- 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा



24 न्यूज अपडेट

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने कहा कि इंडिया की ग्रोथ से पूरी दुनिया को फायदा होगा। गुरुवार को मुंबई में एक इवेंट में बिल गेट्स ने यह बात कही है। इतना ही नहीं उन्होंने भारत के इनोवेशन की तेज गति की भी सराहना की है।

बिल गेट्स ने कहा कि 2047 तक देश का विकसित राष्ट्र के रूप में उभरना न केवल भारत को बदल देगा, बल्कि दुनिया पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फैक्ट यह है कि भारत में हेल्थ और एजुकेशन जैसे प्रमुख सेक्टरों को प्राथमिकता दी गई है, इससे बहुत सकारात्मक गतिशीलता पैदा हुई है।'

भारत के इकोनॉमिक ग्रोथ आउटलुक को आशाजनक बताते हुए गेट्स ने कहा, 'यह एक बेहतरीन स्थिति है, जब इस बात पर बहस चल रही है कि विकास दर 5% होगी या 10%। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि यह 10% तक पहुंचेगी, लेकिन 5% से नीचे भी नहीं जाएगी।

गेट्स ने भारत की AI डेवलपमेंट अप्रोच की सराहना की

बिल गेट्स ने कहा कि आर्थिक विस्तार हेल्थकेयर और एजुकेशन में अधिक सरकारी निवेश को सक्षम करेगा, जिससे महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर गेट्स ने कहा कि यह टेक्नोलॉजी बहुत बड़े बदलाव लाएगी। लेकिन उन्होंने इस डर को खारिज कर दिया कि AI से नौकरियां खत्म हो जाएंगी।

गेट्स ने भारत की AI डेवलपमेंट अप्रोच की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत का स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार ओपन-सोर्स फाउंडेशन मॉडल को अपनाना अच्छा है, जिसमें भारतीय भाषाओं का सपोर्ट भी शामिल है।

भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की भी तारीफ की

बिल गेट्स ने आधार और UPI समेत भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की भी तारीफ की और इसे दुनिया के लिए देश के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक बताया।

गेट्स ने कहा, 'हर बार जब मैं भारत आता हूं, तो मैं देखता हूं कि कई कंपनियां इस इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ उठा रही हैं। चाहे बैंकिंग हो, सरकारी लाभ हो या स्टॉक ट्रेडिंग हो। भारत में इनोवेशन मेरी अपेक्षा से कहीं ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रहा है।'

दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं बिल

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। फोर्ब्स के मुताबिक इनकी नेटवर्थ 107.1 बिलियन डॉलर करीब 9.21 लाख करोड़ रुपए है। बिल गेट्स ने 1975 में माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की थी। कंपनी में वे 2000 तक CEO के पद पर रहे थे।


संपादकीय : अनदेखी की रेल

तमाम दावों और मंसूबों के बावजूद भारतीय रेल में विभिन्न सेवाओं से संबंधित शिकायतों का सिलसिला खत्म ही नहीं होता। रेलगाड़ियों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और शुद्धता को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिलती रही हैं। उन्हें दूर करने के मकसद से भारतील रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आइआरसीटीसी का गठन किया गया। इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर रसोई बनाई गई, वहां तैयार होने वाले खानपान के निरीक्षण का तंत्र विकसित किया गया। इससे बाहरी खानपान की गुणवत्ता और कीमतों में मनमानी पर कुछ हद तक रोक तो लगी, स्वच्छता और साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाने लगा, मगर फिर वही शिकायतें मिलनी शुरू हो गईं। संसद की एक समिति ने इसे लेकर रेलवे की खिंचाई की है। समिति का कहना है कि खानपान संबंधी नीतियों में बार-बार बदलाव की वजह से भी यह गड़बड़ी हो रही है। संसदीय समिति ने इस बात के लिए भी रेलवे पर नाराजगी जाहिर की कि उसके पहले के सुझावों पर अमल क्यों नहीं किया गया। समिति ने रेलवे से जवाब मांगा है कि जिन पंद्रह खानपान इकाइयों को अद्यतन करने को कहा गया था, वह क्यों नहीं हुआ। आइआरसीटीसी को छह हरित रसोई भी बनानी थी, मगर उस दिशा में काम नहीं हो सका। दरअसल, 2005 के बाद से अब तक तीन बार रेलवे खानपान संबंधी नीतियों में बदलाव किया जा चुका है । 2010 में यह काम क्षेत्रीय रेलवे को सौंप दिया गया था, फिर 2017 में इसे आइआरटीसी को दे दिया गया। इस तरह नीतिगत गड़बड़ियों के चलते भी रेल खानपान सेवा को लेकर एक प्रकार की अनिश्चितता बनी रही और गुणवत्ता से समझौता होता रहा। 2017 में नई खानपान नीति बनी और उसकी समीक्षा के लिए संसदीय समिति गठित की गई, तब उसने कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए थे। मगर समिति की ताजा रपट से जाहिर है कि पिछले सात वर्षों में इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाए जा सके हैं। दरअसल, अभी तक रेलों में परोसा जाने वाला भोजन बाहर की रसोई में तैयार होकर पहुंचाया जाता है, फिर गाड़ियों में उसे गरम करने की व्यवस्था होती है । मगर देखा गया कि वैसे रेल डिब्बे बने ही नहीं हैं। जाहिर है, इस तरह तैयार होने और परोसे जाने के बीच समय अधिक गुजर जाने से अक्सर भोजन खराब हो जाता है । संसदीय समिति ने इस बात पर भी हैरानी जताई है कि भोजन की गुणवत्ता के निरीक्षण के लिए तो तंत्र गठित है, पर औचक निरीक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इससे रसोइयों में भोजन तैयार करने और रेल डिब्बों में परोसे जाने में अक्सर मनमानी की शिकायतें आती रहती हैं। सरकार रेल सेवाओं को विश्व मानकों के अनुरूप ढालने और द्रुतगामी रेलों की संख्या बढ़ाने के दावे तो बढ़-चढ़ कर करती है, रेल किराए में भी काफी बढ़ोतरी हो चुकी है, मगर जब खानपान की गुणवत्ता और स्वच्छता पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा पाता, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूसरी सुविधाओं पर कितना ध्यान दिया जाता होगा। अक्सर रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल उठते हैं, गाड़ियों के समय पर न चलने, रेल डिब्बों में सुरक्षा का उचित प्रबंध न होने जैसी शिकायतें आम हैं। इस स्थिति में द्रुतगामी गाड़ियां चला देने या स्टेशनों की देखरेख निजी कंपनियों के हाथों में सौंप देने भर से रेलवे की साख कितनी और कहां तक बची रह पाएगी।

खुशियों की चाबी

जीवन की तमाम समस्याओं के बीच हर मनुष्य खुश रहना चाहता है। इसके लिए वह कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाता है। खुश रहने की यह होड़ दुनिया भर के देशों में है। लेकिन यह किस हद तक संभव हो पाता है ? यह तथ्य है कि दुनिया के चंद देश ही अपने नागरिकों की खुशहाली की चिंता करते हैं भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देशों के सामने कई चुनौतियां हैं। बेरोजगारी, महंगाई और महंगे होते इलाज से जूझते लोगों में निराशा जरूर पैदा होती है, पर संघर्षों के बीच भी वे अपनी खुशियां तलाश ही लेते हैं। 'वैश्विक खुशहाली सूचकांक 2025 में भारत ने पिछले साल के मुकाबले अपनी स्थिति बेहतर की है, लेकिन इससे बहुत ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, हम अब भी नेपाल, पाकिस्तान, यूक्रेन और फिलीस्तीन से पीछे हैं। दूसरी ओर फिनलैंड है, जो लगातार आठ वर्षों से दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना हुआ है। इस सूचकांक में पिछड़ने वाले देशों को डेनमार्क और स्वीडन से भी यह सीखने की जरूरत है कि वहां लोग कैसे और क्यों खुशहाल हैं। जीवन में बदलाव लाने की कई योजनाएं लागू होने और विश्व का सबसे युवा देश होने पर भी भारत खुशहाल क्यों नहीं, इस पर नीतियां बनाने वालों को सोचना होगा। इसमें कोई दोराय नहीं कि रोजी-रोटी की जद्दोजहद और भागदौड़ की जिंदगी में तनाव बढ़ा है। आर्थिक चुनौतियां भी गहरी हुई हैं। जीवन में आ रहीं जटिलताएं कैसे कम हों, इस पर सोचना होगा। वैश्विक खुशहाली सूचकांक हमारी सरकार के लिए भी एक आईना है। यह गौर करने की जरूरत है कि दूसरे देशों से खुशहाली में हम क्यों पीछे हैं। क्या योजनाओं और नीतियों में कोई कमी रह गई, जिसकी वजह से खुशहाली जमीनी स्तर पर नहीं उतर रही? सच है कि पश्चिमी पैमाने पर भारतीयों की खुशियों को नहीं मापा जा सकता। दुख-सुख के बीच यहां लोग थोड़े में गुजारा करते हुए अपनी खुशियां तलाश लेते हैं। मगर इसके लिए अवसर को आसान बनाने की जिम्मेदारी सरकारों की होती है। नागरिकों को सुरक्षित वातावरण और विकास के समान अवसर मिलेंगे, तो खुशियां उनके चेहरे पर निस्संदेह चमकेंगी।

विश्व जल दिवस 2025- हिमनद संरक्षण पर केंद्रित है इस वर्ष का जल दिवस, गिरनद संरक्षण से ही बचेगा उदयपुर



24 न्यूज अपडेट

लेखक-डॉ अनिल मेहता, पर्यावरण विशेषज्ञ

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर वर्ष 1993 से निरंतर प्रति वर्ष 22 मार्च को पूरे विश्व में आयोजित होने वाला जल दिवस दिन जल संरक्षण के प्रति जन चेतना जागृत करने तथा स्थानीय, वैश्विक जल मुद्दों पर सक्रिय होने का आग्रह करता है। हर वर्ष जल दिवस किसी विशिष्ठ थीम को लेकर आयोजित होता है। इस वर्ष की थीम हिमनद (ग्लेशियर) संरक्षण पर केंद्रित है।

उदयपुर का हमारा क्षेत्र हिमनद क्षेत्र नहीं है । लेकिन, हमारी जिम्मेदारी है कि हम जंगलों को बचा कर रखे, झीलों तालाबों की रक्षा करें तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करें ताकि किसी भी रूप में वैश्विक तापक्रम वृद्धि की प्रक्रिया में हमारा कोई अंशदान नहीं बढ़े और हिमनद नहीं नष्ट हो।

गिरवा घाटी उदयपुर में यह दिवस गिरनद संरक्षण के रूप में मनाया जाना चाहिए। गिरवा में गिर का अर्थ पहाड़ियां है। इन्ही पहाड़ियों से निकलने वालें अनेक नदों (बरसाती नालों, नदी धाराओं) से मदार , बड़ी , फतेहसागर, पिछोला, गोवर्धन सागर उदयसागर जैसी बड़ी झीलों तथा नैला, रूपसागर जैसे अनेकों छोटे तालाबों को जल मिलता रहा है। भूजल का पुनर्भरण होता रहा है।

बेसिन आधारित समग्र जल संसाधन विकास व प्रबंधन व उसके माध्यम से एक मजबूत सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय तथा आर्थिक व्यवस्था के निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण गिरवा घाटी व इससे उपजे नदी नाले है। लेकिन, जल सृजन के स्रोत हमारे गिरवा के पहाड़ अब नष्ट किए जा रहे है। इनकी कटाई होने ,उन्हें समतल कर देने से हमारे समस्त गिरनद नष्ट हो रहे हैं। वहीं, तालाबों को पाटने , पर्यटन इकाइयों में जल की अति खपत, घर घर में ट्यूबवेल से अत्यधिक भूजल दोहन तथा झीलों में बढ़ते प्रदूषण से उदयपुर के जीवन की आधार जल व्यवस्था टूट रही है।

गिरनदों के के साथ यह घातक व्यहवार उदयपुर को गंभीर आपदाओं से पीड़ित करेगा। उदयपुर रेगिस्तान भी बनेगा और बाढ़ से भी पीड़ित होगा। हमारा पर्यटन उद्योग भी नष्ट हो जाएगा।

ऐसे में हमारी सक्रिय नागरिक जागरूकता व गतिशीलता से ही गिरवा पहाड़ियों व इनके गिरनद बचेंगे। इसके लिए तीन स पर कार्य करना जरूरी है। तीन "स" से बने ये तीन स्तर है, स्वयं, संस्थान, समाज। हमे अपने स्वयं के स्तर पर एक सार्थक , निरंतर पहल करनी होगी कि हम जल खपत कम करें । हमारे संस्थान, उद्योग , भवन के निर्माण किसी पहाड़ी को काट कर नहीं बने । हम एक रचनात्मक सामाजिक मुहिम चलाए कि पहाड़ियों को नहीं काटा जाए, बरसाती नालों को पुनः मूल स्वरूप में लाया जाए।झीलों, तालाबों में अतिक्रमण नहीं हो, तथा आयड नदी का पेटा सुरक्षित रहे।

विश्व जल दिवस- ग्लेशियर संरक्षण मानवता की सबसे बड़ी जरूरत, विश्व जल दिवस पर वर्षा जल की हर बुंद को सहेजने की आवश्यकता, जल को सनातन मूल्यों से जोड़ने की जरूरत - प्रो. सारंगदेवोत



24 न्यूज अपडेट

उदयुपर। विश्व जल दिवस पर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि विश्व जल दिवस पर वर्षा जल की हर बुंद को सहेजने का संकल्प लेने की जरूरत है। इस दिशा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हुए विद्यापीठ पिछले तीन वर्षो से विश्व जल सम्मेलन का आयोजन कर रहा है जिसमें हाल ही हुए सम्मेलन में 19 देशों के 60 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसके सार्थक परिणाम भी देखने को मिल रहे है। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि मानवता की सबसे बड़ी जरूरत ग्लेशियर संरक्षण की है, वैज्ञानिकों के अनुसार इसी तरह उत्सर्जन में अनियंत्रित वृद्धि जारी रही तो 2040 तक आर्कटिक क्षेत्र गर्मियों में बर्फ रहित हो जायेंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2025 को ग्लेशियर के संरक्षण का अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है साथ ही प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को विश्व ग्लेशियर दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ग्लेशियरों के महत्व को उजागर करना है। ग्लेशियर के पिघलने के कारण आने वाले समय में कई शहर पानी में समा जायेंगे। ग्लेशियरों का संरक्षण जल स्त्रोतों की सुरक्षा और वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनका संरक्षण न केवल पीने के पानी की अपूर्ति के लिए आवश्यक है बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। पृथ्वी का 70 प्रतिशत ताजा पानी ग्लेशियर में जमा है जो पीने के पानी, उद्योग और स्वच्छ उत्पाद का स्त्रोत बनते है। एक अनुमान के अनुसार यदि उत्सर्जन में अनियंत्रित वृद्धि जारी रही तो 2040 तक आर्कटिक क्षेत्र गर्मियों में बर्फ रहित हो सकता है। जल संरक्षण मनुष्य का मौलिक अधिकार है लेकिन यह गंभीर चिंता का विषय है कि विश्व में लगभग 2.2 बिलियन लोग आज भी इससे वंचित है। पृथ्वी पर जिस तरह से पर्यावरणीय समस्याओं से आज विश्व जूझ रहा है उसका हल परम्परागत भारतीय ज्ञान में रचा बसा है, जरूरत है तो बस आधुनिक शिक्षा को विद्या के साथ सनातन मूल्यों से जोड़ने की जरूरत है। कुलपति ने प्राचीन जल स्त्रोंतों को पुनर्जिवित करने और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प दिलाया।

तीन दिवसीय नववर्ष समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन, नववर्ष पर हर घर जलेगे दीपक, फहरायेगी केसरिया पताका, शंखनाद-घोषवादन के साथ होगा नववर्ष समारोह का आगाज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 22 मार्च / भारती नववर्ष समाजोत्सव समिति की ओर से नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2082 पर आयोजित तीन समारोह में हर वर्ग की भागीदारी हो को लेकर विवेकानंद नगर की बैठक बोहरा गणेश मंदिर परिसर में आयोजित की गई। तीन दिवसीय समारोह को लेकर बस्ती तक कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारिया दी गई। बैठक में वाहन रेली सहप्रमुख हर्ष ओड़, शंकर लोढ़ा, एडवोकेट उदयसिंह देवड़ा, शरद चौहान एवं कार्यकर्ताओं द्वारा तीन दिवसीय समारोह के पोस्टर एवं बेनर का विमोचन किया गया। वाहन रेली सहप्रमुख हर्ष ने बताया कि नववर्ष समारोह से पूर्व हर बस्ती में घर पर केसरिया पताका एवं पोस्टर लगाने का आग्रह किया गया। कार्यकर्ता अपने नाम का पोस्टर भी गली, मोहल्ले एवं चौराये पर लगवा सकते है। शरद चौहान ने बताया कि तीन दिवसीय समारोह का आगाज आगामी 28 मार्च को प्रातः 7.30 बजे बोहरा गणेश मंदिर, सिक्ख कॉलोनी स्थित गुरूद्वारा, ठक्कर बाबा कॉलोनी स्थित रामदेव मंदिर, सेक्टर 04 जैन मंदिर, एकलव्य कॉलोनी स्थित खेड़ादेवी मंदिर में कार्यकर्ताओं द्वारा शंखनाद एवं घोषवादन के साथ किया जायेगा। स्थानीय प्रतिभा को आमजन तक जाने के उद्देश्य से सायं 06 बजे नगर निगम प्रागण में स्थानीय प्रतिभा प्रकटीकरण का आयोजन किया जायेगा जिसमें शहर के प्रतिभावान कलाकारों द्वारा भारतीय सनातन मूल्यों से ओतप्रोत प्रस्ततियॉ दी जायेगी।

विशाल भगवा युवा वाहन रैली 29 मार्च को:- रेली सहप्रमुख हर्ष ओड़ ने बताया कि शनिवार को सायं 04 बजे 11 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं की विशाल भगवा युवा वाहन रैली निकाली जायेगी। प्रत्येक नगर को ग्यारह सौ कार्यकर्ताओं का लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक नगर के आगे एक डीजे चलेगा। युवा सफेद वस्त्र में भगवा साफा पहने तथा पिछे बैठे कार्यकर्ता के साथ में एक निर्धारित दंड लिये रेली में शरीक होंगे। रेली फतह स्कुल से प्रांरभ होगी जो सुरजपोल, बापू बाजार, देहलीगेट, हाथीपोल, चेटक सर्कल, लोककला मंडल, , मीरा कन्या महाविद्यालय, कोर्ट चौराहा, शास्त्री सर्कल, शक्ति नगर होते हुए पुनः टाउन हॉल में सम्पन्न होगी। जहॉ कार्यकर्ताओं को पीठाधीश बेणेश्वरधाम के प.पू. गुरूवर 1008 श्री अच्युतानंद जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। शोभायात्रा एवं भव्य भजन संध्यॉ 30 मार्च को पालक शंकर लोढ़ा ने बताया कि नववर्ष रविवार को दोपहर 03 बजे गांधी ग्राउण्ड से विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। रेली में 11 हजार महिलाएँ मंगल कलश लेकर चलेगी। रेली में शहर के सभी समाजों की झाकिया भी रहेगी। पूरे रास्ते शहर के समाजिक, धार्मिक एवं राजनेतिक कार्यकर्ताओं की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा दोपहर 03 बजे गांधी गाउण्ड से प्रारंभ होगी जो हाथीपोल, देहलीगेट, बापू बाजार, सुरजपोल होते हुए टाउन हॉल प्रांगण में सम्पन्न होगी।

विशाल भजन संध्यॉः-नगर संयोजक एडवोकेट उदयसिंह देवड़ा ने बताया कि रेली समाप्ति पर पीठाधीश श्री गोपाल पुरूषोतम आश्रम बड़ी सादड़ी के श्री श्री 1008 श्री स्वामी जी सुदर्शनाचार्य जी महाराज, मांकडादेव धाम झाडोल के प.पू. ब्रहमचारी श्री गुरू जी गुलाब दास जी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। सायं 07 बजे नगर निगम प्रारंण में विशाल भजन संध्यॉ का आयोजन किया जायेगा जिसमें ख्यातनाम भजन गायक प्रकाश माली भजनों की प्रस्तुतियॉ देंगे। बैठक में महेश भावसार, किरण तातेड, एडवोकेट उमेश नागदा, गणेश पालीवाल, राकेश पालीवाल, जितेन्द्र जैन, रेखा चौधरी, सुमित्रा जोशी, लज्जा रामेजा ने समारोह को ओर अधिक भव्य बनाने के लिए अपने सुझाव दिये।

उक्त जानकारी नगर मिडिया प्रभारी कृष्णकांत कुमावत ने दी।

उदयपुर में तीन दिन का श्री श्याम महोत्सव 8 से 10 मई तक, पहली बार बाबा का नगर भ्रमण और भव्य निशान यात्रा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से 9वां भव्य श्री श्याम महोत्सव का आयोजन 8 से 10 मई तक आयोजित होगा। इन तीन दिनों में विशाल श्याम कीर्तन के साथ ही उदयपुर में प्रथम बार श्याम निशान यात्रा व मेहंदी रस्म के आयोजन भी होंगे। पिछले 6 महीने से इस आयोजन को लेकर तैयारियां चल रही हैं जिसके लिए श्याम मित्र मंडल की एक बडी टीम काम कर रही है। इस महोत्सव में देश भर में विख्यात नंदू भैया सहित कई बडे कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देने आ रहे हैं। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में श्याम प्रेमी धीरेंद्र सच्चान, सुनील बंसल व शुभम गर्ग ने श्री श्याम संध्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मुख्य अतिथि धीरेंद्र सच्चान व बाबूसिंह राजपुरोहित ने पोस्टर एवं भजन किताब का विमोचन भी किया। महोत्सव का आयोजन फतह स्कूल मैदान में होगा।

बीएसएनएल उपभोक्ताओं के लिए टेलीफोन अदालत का आयोजन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) अपने उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए टेलीफोन अदालत का आयोजन करेगा। मार्च 2025 में होने वाली इस अदालत में लंबित शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। शिकायतें जिन पर विचार किया जाएगाः टेलीफोन खराब रहना, टेलीफोन शिफ्ट करना, अधिक बिल आना, अन्य टेलीफोन संबंधित समस्याएँ। शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रियाः उपभोक्ता अपनी शिकायत लिफाफे पर "टेलीफोन अदालत" लिखकर भेज सकते हैं। शिकायतें 24 मार्च से 26 मार्च 2025 के बीच स्वीकार की जाएंगी। शिकायतें सहायक महाप्रबंधक (प्रचालन), कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार, उदयपुर व्यावसायिक क्षेत्र, हिरण मंगरी सेक्टर-3, उदयपुर के नाम भेजी जा सकती हैं। महाप्रबंधक का आश्वासनः महाप्रबंधक दूरसंचार, उदयपुर, श्री हरिप्रसाद मीणा ने बताया कि इस अदालत में सिर्फ उन्हीं मामलों पर विचार किया जाएगा जिनका समाधान पहले संबंधित अधिकारियों के स्तर पर नहीं हो पाया है। BSNL प्रशासन ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि उनकी हर शिकायत का जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा। यह टेलीफोन अदालत BSNL उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान सुगमता से किया जा सकेगा।

विश्व रंगमंच दिवसः थिएटर फोटोग्राफी कार्यशाला में प्रतिभागी सीखेंगे रंगमंच छायाचित्रण की बारीकियां दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान मिलेगा प्रेक्टिकल फोटोग्राफी का अवसर

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 22 मार्च। विश्व रंगमंच दिवस (27 मार्च) के उपलक्ष्य में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की ओर से दो दिवसीय थिएटर फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि तकनीक के बेतहाशा विकास और डिजीटल एरा के इस आधुनिक युग में हर मुट्ठी मोबाइल ने छायांकन कला को बहुत सुलभ और विस्तृत कर दिया है। लेकिन छायांकन कला की आधारभूत जानकारी का अभाव और कैमरा-लाइट-एंगल के बेहतर उपयोग नहीं समझ पाने की दशा में अच्छे फोटोग्राफ्स नहीं आते और बिना सोचे समझे क्लिक करते रहने से डिजीटल कचरा ही संग्रहित होता है। ऐसे में इस विधा की फोटोग्राफी को परिष्कृत करने के प्रयोजन से उक्त कार्यशाला में शहर के वरिष्ठ छायाकार राकेश शर्मा 'राजदीप' अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को रंगमंचीय छायांकन कला के गुर सिखाएंगे। कार्यशाला में किसी भी आयुवर्ग का प्रतिभागी ऑन लाइन फॉर्म भरकर 26 मार्च शाम 5 बजे तक पंजीकरण करा सकता है। गूगल फॉर्म लिंक https://tinyurl.com/WZCC-Udaipur है। कार्यशाला का शुभारंभ 27 मार्च गुरुवार सुबह 11 बजे शिल्पग्राम स्थित दर्पण सभागार में होगा। प्रथम सत्र में मेंटर थिएटर फोटोग्राफी के लिए आवश्यक उपकरण (कैमरा-मोबाइल-लैंस-ट्राइपोड आदि) की जानकारी तथा इनके उपयोग के अलावा थिएटर लाइटिंग पर प्रतिभागी संग चर्चा करेंगे। इस दौरान प्रतिभागी होल्डिंग एरिया में राजदीप द्वारा विगत 30 वर्षों में खींचे गए रंगमंच के चुनिंदा 50 छायाचित्रों की प्रदर्शनी भी देख सकेंगे। इसी क्रम में द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों को प्रेक्टिकल थिएटर फोटोग्राफी अभ्यास और लाइटिंग का लाइव डेमो कवर करने का मौका मिलेगा। वहीं, सांध्यकालीन अंतिम सत्र में सभी प्रतिभागी सभागार में मंचित नाटक की फोटोग्राफी कर सकेंगे। अगले दिन 28 मार्च को सुबह 11 से 2 बजे तक रंगमंच छायांकन कला समस्या समाधान सत्र में श्रेष्ठ प्रतिभागियों का सम्मान किया जाएगा। समापन पूर्व सभी प्रतिभागियों को केंद्र की ओर से सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

शिल्पग्राम में 'मृत्युंजय' नाटक कल

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार 23 मार्च 2025 को शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर नाटक 'मृत्युंजय' का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फ़ुरकान खान ने बताया कि नाट्य संध्या रंगशाला के तहत रविवार 23 मार्च 2025 को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में शहीद भगत सिंह की पुण्यतिथि पर 'मृत्युंजय' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के लेखक फरहान शेख तथा निर्देशक हरीश पंवार है। इस नाटक की कहानी शहीद भगत सिंह के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें उनके द्वारा किए गए देशहित के कार्यों और क्रांतिकारी गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

अवैध भवनों पर सख्ती, बिना अनुमति अब नहीं मिलेंगे लाइसेंस और कनेक्शन



24 न्यूज अपडेट

\जयपुरः प्रदेश में अवैध भवनों के निर्माण पर रोक लगाने और नियमानुसार भवन निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगरीय विकास विभाग और स्वायत्त शासन विभाग ने संयुक्त रूप से आदेश जारी किए हैं. आदेशों के तहत राज्य में अब केवल वैध रूप से निर्मित भवनों को ही सरकारी सुविधाएं और लाइसेंस मिल सकेंगे. यहां तक की बिजली, पानी और सीवरेज कनेक्शन पर भी रोक रहेगी.

प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरण, आवासन मंडल, विकास न्यास और नगरीय निकायों के लिए स्वायत्त शासन विभाग और नगरीय विकास विभाग ने संयुक्त रूप से आदेश जारी किए हैं. स्थानीय निकाय विभाग के प्रमुख सचिव राजेश यादव और यूडीएच के प्रमुख सचिव वैभव कलारिया की ओर से जारी किए गए आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि अवैध भवनों में किसी भी प्रकार के लाइसेंस नहीं मिल सकेंगे. कोई भी विभाग अवैध भवनों में व्यवसाय के लिए लाइसेंस जारी नहीं करेगा. ट्रेड लाइसेंस, फूड लाइसेंस, बार लाइसेंस, विवाह स्थल संचालन आदि सभी लाइसेंस अब केवल वैध भवनों को ही मिलेंगे.

बिजली, पानी और सीवरेज कनेक्शन पर भी रोकः नए नियमों के तहत जिन भवनों के पास कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं होगा. उन्हें बिजली, पानी और सीवरेज कनेक्शन भी नहीं मिलेंगे. आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आदेशों की पालना नहीं करने पर संबंधित अधिकारी और निर्माणकर्ता के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी. अवैध निर्माण सामने आने पर लाइसेंस का नवीनीकरण भी नहीं होगा. बैंकों से लोन भी केवल वैध भवनों को ही मिलेगा. मकान या दुकान खरीदने के लिए ऋण केवल तभी मिलेगा जब पूर्णता,अधिवास प्रमाण पत्र (कंप्लीशन सर्टिफिकेट) पेश किया जाएगा. बिना प्रमाण पत्र के बैंक और कोई भी वित्तीय संस्थाएं ऋण नहीं दे सकेंगी. यही नहीं कोई भी बिल्डर कंप्लीशन सर्टिफिकेट लिए बिना खरीदार को कब्जा नहीं दे सकेगा. भवन का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार नहीं होने पर नगरीय निकाय या विकास प्राधिकरण प्रमाण पत्र जारी नहीं करेगा. भवन निर्माण स्थल पर नक्शा प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा. बिल्डर को अनुमोदित नक्शा निर्माण स्थल पर प्रदर्शित करना होगा.

नियमित निरीक्षण करने के निर्देशः आदेश में कहा गया है कि संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए. इस आदेश से प्रदेश में अवैध भवन निर्माण पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद है. साथ ही जनहित और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मास्टर, जोनल प्लान के अनुसार ही निर्माण की स्वीकृति दी जाएगी. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत राज्य सरकार ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि आदेशों की ईमानदारी से पालना न करने पर अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

पत्नी की शिक्षा, आय से स्वतंत्र है भरण-पोषण का अधिकार जोधपुर फैमिली कोर्ट का फैसलाः पढ़ी-लिखी कमाऊ पत्नी भी पति की आय का आधा हिस्सा पाने की हकदार



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर पारिवारिक न्यायालय संख्या-2 के पीठासीन अधिकारी वरुण तलवार ने एक प्रकरण में फैसला देते हुए स्पष्ट किया है कि पत्नी भले ही आय अर्जित करने में सक्षम क्यों न हो, वह अपने और अपने पुत्र के लिए पति की कमाई का आधार हिस्सा पाने की हकदार है। इस मामले में कोर्ट ने याचिकाकर्ता महिला और उसके बेटे के लिए पति से 15 हजार रुपए प्रति महीने भरण पोषण देने के आदेश दिए हैं।

दरअसल, मिक्की चौहान ने न्यायमित्र अधिवक्ता हेमंत बावेजा के माध्यम से 27 जनवरी 2014 को कोर्ट में मुदकमा दायर किया था। इसमें बताया गया कि परिवादिया की शादी 30 नवंबर 2009 में सोजती गेट राजदादाजी हॉस्पिटल के निकट रहने वाले रजनीश चौहान से हुई थी। 8 अगस्त 2010 को प्रार्थिया ने बेटे मयंक को जन्म दिया।

इसके कुछ समय बाद ही रजनीश ने कम दहेज लाने के ताने देते हुए परिवादिया को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। यहां तक कि मारपीट कर 25 अक्टूबर 2013 को परिवादिया को घर से निकाल दिया। तब से वह अपने बेटे के साथ पीहर में रहने लगी। इसके बाद उसने भरण-पोषण की मांग की। पति रजनीश चौहान की ओर से कोर्ट में बताया गया कि महिला खुद एमए, बीएड तक पढ़ी है और वह अपने व बेटे का भरण पोषण करने में सक्षम है। यहां तक कि पूर्व में महिला द्वारा दर्ज किए गए घरेलू हिंसा के प्रकरण में 3200 रुपए मासिक गुजारा भत्ता देने का अंतरिम आदेश भी हो चुका है। ऐसे में इस प्रार्थना पत्र को खारिज किया जावे।

दूसरी ओर, न्यायमित्र बावेजा ने परिवादिया की ओर से कोर्ट में बताया कि जब प्रार्थिया गर्भवती हुई तब उसके साथ गाली गलौच की गई और घर से निकाल दिया गया। बाद में अप्रार्थी ने समझौता करते हुए 5 अगस्त 2013 को पत्नी को अपने घर ले गया, लेकिन दो-तीन दिन ही उसका व्यवहार सही रहा। इसके बाद दुबारा मारपीट कर प्रताड़ित करने का क्रम शुरू हो गया। कुछ दिन बाद ही उसे फिर घर से निकाल दिया।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद पीठासीन अधिकारी ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि पत्नी का एमएबीएड होने तथा अपना स्वयं व पुत्र का भरण पोषण में सक्षम होने के बावजूद पति पत्नी का पुत्र के लालन पालन में दोनों का समान दायित्व है। इस वजह से पति की आय का आधा हिस्सा पत्नी भरण पोषण पाने की अधिकारिनी है। पति की पारिवारिक स्थिति, आय को देखते हुए पत्नी व पुत्र भरण पोषण पाने के हकदार है।

बकाया राशि 5 किश्त में और बाद की हर महीने 10 तारीख तक अदा करे पति

कोर्ट ने अपने आदेश में रजनीश चौहान को आदेश दिया कि 27 जनवरी 2014 से 10 मार्च 2025 तक प्रार्थिया मिक्की चौहान को 3 हजार रुपए मासिक और मयंक चौहान को 3 हजार रुपए प्रति माह तथा कोर्ट के आदेश की तारीख 11 मार्च 2025 से मिक्की चौहान को 5 हजार रुपए प्रतिमाह तथा मयंक चौहान को 10 हजार रुपए प्रतिमाह बालिग होने तक भरण पोषण भत्ता अदा करे। इस प्रार्थना पत्र के प्रस्तुत होने की तारीख से आदेश की तारीख तक एकमुश्त राशि पांच बराबर किश्तों में अदा करेगा तथा भरण पोषण भत्ते की राशि हर महीने की 10 तारीख तक अदा करेगा। साथ ही प्रार्थीगण अन्य किसी प्रकरण में कोई गुजारा राशि प्राप्त कर रहे हैं या भविष्य में प्राप्त करेंगे, तो वह इस राशि में समायोजन के योग्य होगी।

मुस्कान और बॉयफ्रेंड साहिल कार में बीयर पीतेःबर्फ पर खेलते, केक पर शंकर लिखवाया; ड्राइवर ने सुनाई हिमाचल टूर की कहानी



24 न्यूज अपडेट

सरजी, मुझे नहीं पता कि मेरी कैब में बैठे साहिल-मुस्कान ने हत्यारे हैं। 10 दिन तक मेरी कैब में दोनों घूमे थे। 4 मार्च की सुबह मुझे बुकिंग मिली, इसलिए मनाली आ गया। इन लोगों ने क्या किया है? ये तो मुझे 19 मार्च को पता चला।'

यह बातें साहिल और मुस्कान को टूर पर ले जाने वाले कैब ड्राइवर अजब सिंह ने पुलिस को बताई। मुस्कान ने 4 मार्च को 54 हजार रुपए में मनाली के लिए अजब सिंह की कैब बुक की थी। 17 मार्च तक साहिल-मुस्कान मनाली, शिमला और कसोल घूमते रहे। फिर दोनों मेरठ आ गए।

इसके बाद लंदन में मर्चेंट नेवी में अफसर रहे सौरभ राजपूत की 4 टुकड़ों में शव मिला। मुस्कान और साहिल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस शिवा ट्रैवल्स तक पहुंची। जहां से कैब बुक की गई थी। फिर पुलिस परतापुर में रहने वाले अजब के घर तक पहुंची। 4 मार्च की शाम को दोनों कैब से शिमला निकले

अजब ने बताया- मैं शिवा टूर एंड ट्रैवल्स की गाड़ी चलाता हूं। ट्रैवल्स का मालिक मेरा भाई विकास है। उनका 4 मार्च की सुबह 10 बजे मेरे पास कॉल आया। कहा- शिमला की बुकिंग मिली। ब्रह्मपुरी से दो लोगों को लेना है, उन्हें 10 दिन हिल स्टेशन घुमाने के बाद वापस मेरठ लाना है।

मैंने कहा- ठीक है। शाम 4 बजे दोबारा फोन आया कि वो लोग दिल्ली चुंगी (मेरठ) पर मिलेंगे। शाम 6.30 बजे मैं बताई हुई लोकेशन पर पहुंच गया। यहां काशी डेयरी हलवाई की दुकान के पास मैं खड़ा रहा। शाम 7:30 बजे एक लड़का और लड़की मेरी गाड़ी में आकर बैठे। उन्हें देखकर कुछ भी अजीब नहीं लग रहा था।

होटल में ठहरे, बर्फ में खेले, दिन भर घूमते रहते

मैं रातभर गाड़ी चलाता रहा, सुबह तक हम लोग शिमला पहुंचे, वहां इन लोगों ने होटल बुक किया। यहां दोनों 3 दिन तक रुके। फिर मुझसे कहा कि कुल्लू मनाली चलो, जहां बर्फ पड़ रही हो। हम लोग लोकल लोगों से पूछते हुए पहाड़ों पर चल पड़े। दोनों बर्फ से खेलते थे।

मैं कार में ही बैठा रहा। दिन में वह लोग किसी भी होटल में ठहर जाते, दिन भर घूमते रहते। ऐसे ही 5 दिन बीत गए। मुस्कान और साहिल कसोल में 5 दिन रहे, वहां से वो साढ़े तीन किमी दूर कहीं पार्टी करने जाते थे। वहां गाड़ी नहीं जाती थी, तो वह लोग रास्ते में ही उतर जाते थे। वहां वो लोग पब में जाते, डांस करते।

तब तक मुझे उनका नाम तक पता नहीं था। वह लोग गाड़ी में बैठने के बाद आपस में बातें करते रहे। रास्ते में हाईवे के ढाबे पर रुककर खाना भी खाया। मुझसे कहा- शिमला चलना है, लोकेशन लगा लो। मैंने ऐसा ही किया। अमूमन ड्राइवर को सिर्फ लोकेशन से ही मतलब होता है। कौन बैठा है, वो क्या बातें कर रहे हैं, इससे हम लोग ज्यादा वास्ता नहीं रखते।

साहिल रोज 1 से 2 बोतल लाता, मुस्कान बीयर पीती

साहिल रोजाना 1 से 2 बोतल शराब लेकर आता था। मुस्कान को मैंने नशा करते नहीं देखा। मुझे पहले नहीं पता था कि वो नशा करती है या नहीं। लेकिन जब हम टूर से मेरठ के लिए लौट रहे थे, जैसे ही हम यूपी में घुसे तब लड़के ने कहा कि कहीं ठेका देख लेना, हमें बीयर पीनी है। तब मैंने कहा कि ठीक है भाई जी...ठेका मिलेगा तो मैं रोक दूंगा। तब शामली से इन्होंने 3 कैन बीयर खरीदी थी। वहां लड़की ने मेरे सामने बीयर पी थी। वहां से ये दोनों लोग बीयर पीते हुए मेरठ तक आए।

रॉयल्टी ऑफिस मे घुसकर तोड़-फोड़ व मारपीट करने के 6 आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 22 मार्च। बारां जिले की थाना मांगरोप पुलिस ने दो महीने पहले रॉयल्टी ऑफिस मे घुसकर तोड-फोड व मारपीट करने के मामले में 06 आरोपियों जुगराज केवट पुत्र रामलाल (27), श्याम बिहारी केवट पुत्र गोबरी लाल (34), बलराम केवट पुत्र मोडूल (32), हरिशंकर मीणा पुत्र मोहनलाल (29) व सोनू माली पुत्र बंशीलाल (21) निवासी मुण्डिया थाना मांगरोल एवं लोकेश माली पुत्र सत्यनारायण (29) निवासी रिछाहेडी थाना सुल्तानपुर जिला कोटा को गिरफ्तार किया है।

एसपी राज कुमार चौधरी ने बताया कि 21 जनवर को महावीर बैरवा (29) ने थाना मांगरोल में एक रिपोर्ट दी थी कि वह बजरी ठेकेदार प्रमोद मीणा के पास मुनीम का काम करता हूं। कल शाम करीब 5-6 बजे के बीच ऑफिस के शीशे टूटने की आवाज सुन खिडकी से देखा तो बहुत सारे लोग थे। उनमे से कुछ लोग ऊपर आ गये और अंदर जो भी लडके थे उनसे मारपीट कर गाली गलौच करने लगे।

डर के मारे वह अंदर ऑफिस मे घुस गया तो बदमाशों ने गेट के लात मार व धक्का देकर कुंदी तोड दी। इतनी देर में पुलिस की गाडी को आता देख तोड फोड करके भाग गये। मामले में मुनीम महावीर बैरवा ने मोडूलाल केवट, जुगराज केवट, श्याम केवट, बलराम, नेनकी लाल, शंकर मीणा, सोनू सुमन, लोकेश सुमन, मशीन ऑपरेटर को नामजद कर अन्य 25-30 आदमी के विरुद्ध रिपोर्ट दी। जिस पर थाना मांगरोल में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया।

घटना की गंभीरता को लेकर एसपी चौधरी द्वारा वृताधिकारी अन्ता श्योजी लाल के सुपरविजन एवं एसएचओ महेन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी मदद से वांछित आरोपी जुगराज, श्याम केवट, बलराम केवट, हरिशंकर मीणा, लोकेश माली एवं सोनू माली को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया है।

पेपर लीक मामले में कांग्रेस नेता, पूर्व पार्षद और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नरेश एसओजी की गिरफ्त में



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, बाड़मेर। राजस्थान में वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2020 के पेपर लीक मामले में एसओजी ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कांग्रेस नेता, पूर्व पार्षद और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नरेश देव सहारण को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बाड़मेर में उनके घर पर छापा मारकर उन्हें पकड़ा। एसओजी की टीम नरेश देव सहारण की पेपर लीक में भूमिका की जांच कर रही है। नरेश देव सहारण को पूछताछ के लिए जयपुर ले जाया गया है। मामले का मुख्य आरोपी बाड़मेर का रहने वाला है एसओजी ने इस मामले में मुख्य आरोपी हीराराम उर्फ हरीश सहारण को एक महीने पहले इंदौर से गिरफ्तार किया था। हरीश बाड़मेर के गुड़ामालानी का रहने वाला है। हरीश ने 13 नवंबर 2022 को आयोजित वनरक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक किया था। उसने अभ्यर्थियों को एक घर और होटल में पेपर हल करवाया था। एसओजी की टीम नरेश देव सहारण से जयपुर में पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद ही उनकी भूमिका स्पष्ट हो पाएगी। एसओजी ने इस मामले में स्थानीय पुलिस की मदद से बाड़मेर में नरेश देव सहारण के घर पर छापा मारा था। एसओजी की टीम ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए जयपुर ले गई है।

मुख्य बातें- वनरक्षक भर्ती परीक्षा 2020 का पेपर लीक हुआ था।

एसओजी ने कांग्रेस नेता, पूर्व पार्षद और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नरेश देव सहारण को हिरासत में लिया है। मामले का मुख्य आरोपी हीराराम उर्फ हरीश सहारण बाड़मेर का रहने वाला है।

नरेश देव सहारण को पूछताछ के लिए जयपुर ले जाया गया है।

जयपुर में हथियार संग पकड़े गए 777 गैंग के बदमाशःविरोधी गैंग के सदस्यों की हत्या करने की फिराक में थे, इंस्टाग्राम पर बात करते थे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर के संजय सर्किल थाना पुलिस और नॉर्थ डीएसटी की टीम ने कार्रवाई के करते हुए शातिर गैंग के चार बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से 1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 7 जिन्दा कारतूस, 2 धारदार कटार बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश विरोधी गैंग के सदस्यों की हत्या करने के लिए एकत्रित हुए थे। गिरफ्तार बदमाशों ने 777 नाम से गैंग बना रखी है। जो एक दूसरे से इंस्टाग्राम के माध्यम से सम्पर्क करते हैं।

डीसीपी वेस्ट राशि डूडी डोगरा ने बताया- नॉर्थ जिला पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के पास से देशी कट्टा और पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। ये लोग क्लबों, सटोरियो और व्यापारियों को डरा धमका कर पैसा लेते थे। इस पर गैंग के लोगों पर नजर रखी गई।

21 मार्च को की शाम क सूचना मिली कि गैंग के सदस्य वसीम मोटा, शाहिद सरकार हत्या करने के उद्देश्य से एकत्रित हुए हैं। विरोधी गैंग के मुजम्मिल और सदस्यों पर हमला कर सकते हैं। इस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर वसीम मोटा उर्फ वसीम अहमद , मोहम्मद शाहरुख उर्फ चम्मच, मोहम्मद शाहरुख मलंग और फिरोज खान उर्फ सद्दाम को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया।

बदमाशों ने पूछताछ में बताया- इनकी गैंग में करीब 18 से 20 लड़के हैं, जो जयपुर मे विभिन्न जगहों पर रहते हैं। गैंग का मुख्य सरगना शाहिद सरकार व वसीम उर्फ मोटा है। उक्त गैंग इन्होंने 777 के नाम से संचालित कर रखी हैं। ये लोग इंस्टाग्राम पर बाते करते हैं।

इन की हुई गिरफ्तारी

1. वसीम अहमद उर्फ मोटा (36) पुत्र नवाब खान निवासी म.न. 1508, गली न.07, मदिना मस्जिद नाहरी का नाका शास्त्रीनगर पुलिस थाना शास्त्रीनगर जयपुर
2. मोहम्मद शाहरुख उर्फ चम्मच (32) पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी म.न. 144, गली नम्बर 01, आयशा मस्जिद के पास, नाहरी का नाका पुलिस थाना शास्त्रीनगर जयपुर
3. मोहम्मद शाहरुख मलंग (27) पुत्र मोहम्मद अकरम निवासी म.न. 12, तेजाजी का बाडा, गुलाब विहार कोलोनी, साँगानेर जयपुर पुलिस थाना मालपुरा गेट जयपुर
4. फिरोज खान उर्फ सद्दाम (35)पुत्र मोहम्मद खान निवासी वार्ड न. 33, शिव मन्दिर मोहल्ला खटीकान, देशवालीयो का चौक, दौसा पुलिस थाना सदर दौसा

वाहन का बकाया कर जमा नहीं कराने पर 99 वाहन सीज

24 न्यूज अपडेट

अलवर। जिला परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सविता भारद्वाज ने बताया कि ऐसे वाहन जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक कर जमा नहीं कराया है के विरूद्ध सीज कार्रवाई प्रारम्भ करते हुए परिवहन विभाग के उडन दस्तों द्वारा 99 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई कर नियमानुसार शास्ति एवं प्रशमन राशि वसूली गई। आगामी दिवसों में ऐसे वाहहनों पर और अधिक सघनता से जांच कर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जावेगी। अतः वाहन स्वामी किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए 31 मार्च से पहले अविलम्ब बकाया वाले वाहनों का कर एवं शास्ति जमा करावे। निर्धारित तिथि के बाद कर जमा करवाने पर शास्ति 3 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से वसूल की जावेगी। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के अतिरिक्त उडन दस्तों द्वारा ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई कर ई-रवन्ना बकाया वाले 14 वाहनों को सीज किया जाकर नियमानुसार प्रशमन राशि वसूली गई। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग द्वारा बकाया ई-रवन्ना वाले वाहनों के निस्तारण हेतु एमनेस्टी योजना लाई गई है जिसके अंतर्गत 95 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। अतः वाहन स्वामी जिनके वाहनों पर ई-रवन्ना बकाया है वे ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों का निस्तारण एमनेस्टी योजना के अंतर्गत करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि खुर्दबुर्द/नष्ट हो चुके वाहनों हेतु भी एमनेस्टी योजना लाई गई है जिसके अंतर्गत नष्टीकरण दिनांक तक का कर पूर्ण जमा की दशा में नष्टीकरण दिनांक के पश्चात का पूर्ण कर, ब्याज एवं पैनल्टी राशि में शत प्रतिशत छूट का प्रावधान है अतः वाहन स्वामी निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर इस अवसर का लाभ उठाए।

कक्षा 9 व 11वीं की परीक्षाओं का समय अप्रैल मई की भरी दुपहरी में रखने पर विद्यार्थी एवं शिक्षकों में आक्रोश

पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन समय संशोधन की रखी मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 22 मार्च।राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशालय की ओर से समान परीक्षा योजना के तहत कक्षा 9 व 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं का समय अप्रेल मई की भरी दुपहरी में निर्धारित करने का विरोध किया है।संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने शिक्षामंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन भेज कर भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य स्तरीय समान परीक्षा कक्षा 9 व 11 वीं के जारी परीक्षा कार्यक्रम में समय बदलाव कराने तथा अक्षय तृतीया शादी विवाह वाले दिन के पेपर की डेट बदलने की मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शिक्षा निदेशालय की ओर से कक्षा 9 व 11 की वार्षिक परीक्षाएं 24 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित करने के दिशा निर्देशों के साथ परीक्षा समय सारणी जारी की गई है। शिविरा पंचांग के अनुसार 1 अप्रैल से प्रदेश के स्कूलों में ग्रीष्मकालीन समय सारणी लागू होने के साथ विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 से 1:00 बजे तक परिवर्तित हो जाएगा ।ऐसे में शिक्षा निदेशालय बीकानेर की ओर से जारी समान परीक्षा कार्यक्रम में कक्षा 9 व 11 वीं की परीक्षाओं का समय 9:30 बजे से 12:45 पीएम व द्वितीय पारी का समय दोपहर 1:15 बजे से 4:30 पीएम निर्धारित किया गया है। जिसे देखकर ऐसा लगता है कि परीक्षा का समय निर्धारित करने वालों ने स्कूलों का समय 10 से 4 बजे तक मानकर परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान के मुताबिक विभाग ने परीक्षा कार्यक्रम तय करने में एक अप्रैल से स्कूलों के समय परिवर्त को ध्यान में रखे बिना मनमाने ढंग से परीक्षा का समय रख दिया गया है। यही नहीं विभाग ने 30 मार्च को अक्षय तृतीया जैसे शादी विवाह वाले दिन पेपर रख दिया है। वहीं अप्रैल व मई में पढ़ने वाली तेज गर्मी व प्रदेश की विषम जलवायु का भी ध्यान नहीं रखा गया है। जिससे विद्यार्थियों व शिक्षकों में तेज दुपहरी में 1:15 बजे परीक्षाओं का समय रखने से विद्यार्थियों व शिक्षकों में भी बेहद आक्रोश पनप रहा है। संघ ने शिक्षामंत्री से माध्यमिक शिक्षा से अप्रैल के अंत व मई में प्रदेश में पड़ने वाली तेज गर्मी व राज्य की विषम भौगोलिक जलवायु को ध्यान में रखते हुए जारी समान परीक्षा समय सारणी का समय संशोधित कराते हुए ग्रीष्मकालीन समय सारणी के अनुसार विद्यालय समय के अनुसार प्रातः 7:30 से 1:00 बजे के मध्य कराये जाने का आग्रह किया है।

नदी में डूबने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत, परिवार में छाया मातम



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर. जिले के सराड़ा क्षेत्र में शुक्रवार शाम को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब दो मासूम बच्चे गोमती नदी में डूबने से अपनी जान गंवा बैठे। स्कूल से घर लौटने के बाद ये दोनों दोस्त अपने साथियों के साथ हिमातों की भागल के पास स्थित गोमती नदी पर नहाने गए थे। लेकिन अनजाने में वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में नदी के किनारे इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया और तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बच्चों की पहचान भरत पटेल (12) और भावेश पटेल (13) के रूप में हुई है। दोनों दोस्त स्कूल से आने के बाद नहाने के लिए गोमती नदी गए थे। जब उनके अन्य दोस्त नदी में नहा रहे थे, तभी भरत और भावेश गहरे पानी में चले गए और डूब गए। साथ गए अन्य बच्चों ने जब यह देखा तो शोर मचाया और गांव जाकर परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिसघटना की सूचना मिलते ही सराड़ा थाना अधिकारी हेमंत कुमार, एएसआई हेमराज, हिम्मत सिंह, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, कर्मवीर, कांस्टेबल महेंद्र पाल और कालूराम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी। परिवार के इकलौते बेटे थे दोनोंभरत पटेल सलूंबर के सेमारी गांव के एक निजी स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता मोहनलाल मुंबई में नौकरी करते हैं। वहीं, भावेश पटेल राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिमातों की भागल में पांचवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता गुजरात में काम करते हैं। भावेश श्यामपुरा गांव का मूल निवासी था और अपनी पढ़ाई के लिए अपने मामा के घर रह रहा था। दोनों बच्चे अपने परिवार के इकलौते बेटे थे, जिससे उनके घरों में गहरा मातम छा गया है। यह हृदयविदारक हादसा एक बार फिर से इस बात की याद दिलाता है कि बच्चों की जलाशयों के पास विशेष निगरानी जरूरी है, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं को टाला जा सके।

भगवान ऋषभदेव का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक दिवस तथा विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा।

शनिवार को मोहित विद्या मन्दिर एवं भारतीय जैन संगठना के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय के सभागार में पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं जैन संगठना के अध्यक्ष वीरेश चपलोत की अध्यक्षता में भगवान ऋषभदेव का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक दिवस तथा विश्व जल संरक्षण दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किये गये। सर्वप्रथम दोनों अतिथियों द्वारा भगवान ऋषभदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन तथा जल संरक्षण हेतु जल भरी मटकी की पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात् संस्था प्रधान प्रकाश चन्द्र चेलावत द्वारा उपरना ओढाकर स्वागत एवं अभिव्यक्ति से अभिनंदन किया गया।

राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में आयोजित निंबध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले क्रमशः अंकित धाकड़ कक्षा 9 प्रथम, सुश्री इंशा मेव द्वितीय एवं सुश्री विनिता कुमावत कक्षा 11 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सुश्री इंशा मेव प्रथम और शुभम जाट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया इन विजेताओं को विद्यालय की ओर से अतिथियों के कर कमलो से प्रतिभा सम्मान प्रतिक चिन्ह प्रदान किये गये।

इन दोनो आयोजनो के अन्तर्गत मुख्य अतिथि अशोक नवलखा एवं संस्था प्रधान प्रकाश चन्द्र चेलावत ने भगवान ऋषभदेव के गुणानुवाद एवं जल की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर बूंद में जीवन, हर बूंद की रक्षा, जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाए, जल बचाएं, जीवन बचाएं, आइए जल संरक्षण का संकल्प लें और इस महोत्सव का हिस्सा बने। इस आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिती दर्ज करायी। आयोजन का संचालन वरिष्ठ अध्यापक सुरेन्द्र कुमार जैन ने करते हुए आभार व्यक्त किया।

राजसमंद में बस पलटी, 14 यात्री घायल



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद के गौमती चौराहे के पास बीती रात एक निजी ट्रेवल्स बस पलट गई, जिससे 14 यात्री घायल हो गए। यह दुर्घटना चारभुजा थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार, बस जयपुर से अहमदाबाद जा रही थी और उसमें करीब 35 यात्री सवार थे। रात लगभग 3 बजे, एक मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर चारभुजा पुलिस और केलवा पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को आरके जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में राजेंद्र कुमार, पवन, बनवारी, हनुमान, शांति राठौड़, ध्वनि, मनीष, केसर सिंह, कमलेश, पवन, संपत और शिवदास शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क से हटाकर राष्ट्रीय राजमार्ग 8 को यातायात के लिए सुचारू कर दिया है।

नववर्ष शोभायात्रा में शहर के कोने-कोने से कलश के साथ शामिल होंगी मातृशक्ति



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 22 मार्च। भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में 30 मार्च को होने वाली शोभायात्रा में उदयपुर शहर के हर कोने से मातृशक्ति कलश के साथ शामिल होंगी। महिलाएं केसरिया और पीले परिधान में सुसज्जित होकर नगर में परंपरागत मंगल गीत गाते हुए चलेंगी।

भारतीय नववर्ष समाजोत्सव समिति के संयोजक डॉ. परमवीर सिंह दुलावत ने बताया कि शोभायात्रा दोपहर 3 बजे गांधी मैदान से प्रारंभ होकर नगर निगम प्रांगण तक जाएगी। इसमें सबसे आगे गाजे-बाजों के साथ महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण करके चलेंगी।

कलश यात्रा संयोजिका कविता जोशी ने बताया कि उदयपुर शहर व समीपवर्ती क्षेत्र को 11 खण्डों में बांटा गया है और इन सभी खण्डों में सहयोगी समितियां बनाई गई हैं। इन सभी 11 क्षेत्रों में अलग-अलग मातृशक्ति की टोलियां मंदिरों में दशा माता की कथा श्रवण कर रही महिलाओं सहित महिला संगठनों, सामाजिक संगठनों से कलश यात्रा में शामिल होने का आग्रह कर रही हैं। विभिन्न स्थानों से महिलाओं को बसों की सहायता से शोभायात्रा स्थल तक लाया जाएगा। कलश यात्रा के पश्चात टाउन हॉल में भजन संध्या एवं भोजन प्रसादी का आयोजन भी रहेगा।

इधर, शहर में शोभायात्रा को भव्य बनाने को लेकर जगह-जगह समाज-संगठनों की बैठकों का दौर जारी है। वाहन रैली, प्रतिभा प्रकटीकरण कार्यक्रम के लिए विभिन्न तैयारियां चल रही हैं।

प्रतापगढ़ में चाय की थड़ी में गैस सिलेंडर विस्फोट, बड़ा हादसा टला



24 न्यूज अपडेट

प्रतापगढ़ के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में धरियावद रोड पर शनिवार सुबह लगभग 6 बजे एक चाय की थड़ी पर रखे गैस सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया। इस विस्फोट से थड़ी में आग लग गई और वहां रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बंद पड़ी चाय की थड़ी में रखे सिलेंडर में अज्ञात कारणों से विस्फोट हुआ। विस्फोट की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि सिलेंडर के टुकड़े चारों ओर फैल गए, जिससे आसपास के क्षेत्र में भी खतरा पैदा हो गया था। हालांकि, गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। थड़ी में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटना की जांच कर रही है ताकि विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा सके। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से ऐसे हादसों को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

जे.के. सीमेंट में मनाया गया विश्व जल दिवस, जन जागरूकता के लिए जल संरक्षण रैली, नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन










24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा/जे.के. सीमेंट द्वारा सामाजिक सरोकार एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के तहत श्री यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. साथ ही एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा, माइंस हेड यतेन्द्र शर्मा, क्षेत्रीय रेंजर वन विभाग सुनील यादव, प्रदूषण नियंत्रण विभाग से अंकुश मीणा एवं सूर्य प्रताप, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत जल संरक्षण रैली से हुई। जे.के. सीमेंट के टेक्निकल हेड राजेश सोनी ने श्री यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में जल संरक्षण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में श्री यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षणार्थि, अनुदेशक, जे.के. सीमेंट के पदाधिकारीयो ने भाग लिया और निकटवर्ती रिहायशी क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नारे लगाए।

इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शन आयोजित किए गए और विजेताओं को पारितोषिक एवं प्रशश्ति पत्र दिए गए। यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने "जल बचाओ" विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पानी की बर्बादी के दुष्प्रभावों और संरक्षण के उपायों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने अपने संबोधन में *जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि "जल ही जीवन है और इसके विवेकपूर्ण उपयोग से ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित कर सकते हैं।"* उन्होंने जे.के. सीमेंट द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पर्यावरणीय संकट के असंतुलन से ग्लेशियरों पर पड़ रहे दुष्प्रभावों और विश्व में बढ़ रहे जल संकट पर चिंता व्यक्त की और सभी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में संस्थान प्राचार्य के एल जोशी ने स्वागत भाषण दिया और जे.के.सीमेंट के पर्यावरण हेड चंद्रकांत तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन मूमल रावत एवं माधुरी सिंह ने किया।

इस कार्यक्रम में सीएसआर से भुवनेश सिंह एवं राहुल कुमार की टीम, पर्यावरण से रवि पाटीदार और उनकी टीम, सुरक्षा से दुष्यंतसिंह ने और एचआर से सत्यदेव पानेरी ने विशेष सहयोग किया

जल के मितव्ययी उपयोग एवं संरक्षण के लिए वर्ष भर प्रयास करने के संकल्प के साथ वृक्षारोपण तथा पक्षियों के लिए परिडे लगाए और कार्यक्रम का समापन किया गया।

बेटी से मिलने जा रहे पिता की ट्रैक्टर से टक्कर में मौत, ग्रामीणों का आक्रोश



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ के ओडूंद गांव में शनिवार को एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में एक पिता की जान चली गई। चौथपुरा निवासी रामलाल जटिया अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे, जब एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामलाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद, चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। इस घटना से क्रोधित ग्रामीणों और बैरवा समाज के लोगों ने पहले जिला अस्पताल में और फिर जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए सरकारी सहायता और मुआवजे की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी ट्रैक्टर चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है और आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही है। अखिल भारतीय बैरवा समाज के जिलाध्यक्ष रामेश्वर बैरवा ने कहा कि पुलिस परिजनों पर समझौते का दबाव बना रही है, जबकि वे आरोपी की गिरफ्तारी चाहते हैं।

ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए, जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने उन्हें उचित सहायता और मुआवजा देने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस जल्द ही आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार करेगी। घटना की सूचना मिलते ही चंदेरिया थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक सतपुड़ा का रहने वाला है और उसकी तलाश की जा रही है।

इस घटना ने क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर दी है और लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश को जन्म दिया है। ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा के उपायों को कड़ा करने और तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की मांग की है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।